एक नजर में

## संत सूरदास जयंती पर 'सक्षम' दिव्यांग सेवा केंद्र की सौगात

**गुना।** संत सूरदास जयंती के पावन अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सेवा भारती भोजनालय में ह्यसक्षमह्ण दिव्यांग सेवा केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मानवीय पहल के साक्षी बने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिन्होंने केंद्र का उद्घाटन कर दिव्यांगजनों के कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दिव्यांगजनों से सीधा संवाद करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर पात्र दिव्यांग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने जानकारी दी कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अब प्रत्येक सप्ताह नियमित बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में दिव्यांगजनों से संबंधित आंकड़ों का सूक्ष्म विश्लेषण और समीक्षा की जाती है, ताकि किसी भी तकनीकी बाधा को दूर कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से दिव्यांगजनों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेंशन जैसी शासकीय सहायता के साथ-साथ अब दिव्यांगों को उनकी रुचि के अनुसार स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की मुहिम शुरू की गई है। प्रशासन का लक्ष्य है कि उचित प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराकर दिव्यांगजनों के लिए आजीविका के ऐसे अवसर तैयार किए जाएं, जिससे वे प्रति माह न्यूनतम 20 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर सकें।

# जिलाधीश का अनूठा जन्मदिन : गुना को दिया टॉप-10 स्वच्छ शहरों में शामिल होने का संदेश

## वृद्धाश्रम में कान की मशीन मिली तो आवाज के साथ लौटी बुजुर्ग महिला की मुस्कान

नवभारत न्यूज

**गुना 3 मई का। प्रशासनिक गलियारों में अक्सर अधिकारियों की पहचान उनकी फाइलों और सख्त निर्देशों से होती है, लेकिन गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर यह साबित कर दिया कि एक सच्चा प्रशासक वही है जिसके पास जनता के लिए धड़कने वाला संवेदनशील दिल हो। रविवार को कलेक्टर ने अपने जन्मदिवस को किसी उत्सव की तरह मनाने के बजाय 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प के साथ मनाया। कलेक्ट्रेट के आलीशान कक्ष में बधाई स्वीकार करने के स्थान पर, वे सुबह से ही शहर की गलियों में स्वच्छता का संदेश देते और वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के आंसू पोंछते नजर आए।**



कलेक्टर के इस अनूठे जन्मदिन का सबसे प्रेरक और भावुक प्रसंग कैंट क्षेत्र स्थित 'आनंद धाम' वृद्ध आश्रम में देखने को मिला। यहाँ एक बुजुर्ग महिला, जो वर्षों से सुनने की शक्ति खो चुकी थीं, उन्होंने अपनी मूक पीड़ा कलेक्टर को बताई। यह क्षण कलेक्टर की तत्परता और संवेदनशीलता का गवाह बना। उन्होंने बिना किसी देरी के सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी संचालक श्री अब्दुल गफ्फार को तुरंत मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जैसे ही बुजुर्ग माता के कानों में मशीन लगाई गई, मानो उनके जीवन में सन्नाटे की दीवार ढह गई। जब कलेक्टर ने मुस्कुराते हुए उनसे पूछा— यह कौन सा जिला है? और जवाब मिला— गुना जिला, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। यह मात्र एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक मुखिया द्वारा अपने परिवार के सदस्य को उसकी खोई हुई 'आवाज' लौटाने का ईश्वरीय प्रयास था। यह उस विश्वास की जीत थी जिसे कन्याल ने अपनी कार्यशैली से जिले में स्थापित किया है।

**प्रशंसा का पात्र बना कलेक्टर का 'सेवा भाव'**

पूरे जिले में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की इस पहल की सराहना हो रही है। एक ओर जहाँ उन्होंने प्रशासनिक तंत्र को गति दी, वहीं दूसरी ओर समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग (बुजुर्गों) के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। एसडीएम शिवानी पाण्डेय और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुए इन कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि पद की गरिमा जनता की सेवा में ही निहित है।

कलेक्टर का यह जन्मदिन गुना के इतिहास में एक प्रशासनिक उदाहरण के रूप में दर्ज हो गया है, जहाँ एक अधिकारी ने सत्ता के मद को त्यागकर सेवा के पथ को चुना। उनके इस कार्य ने जिले के हर नागरिक को यह महसूस कराया कि गुना का नेतृत्व एक सुरक्षित, संवेदनशील और दूरदर्शी हाथों में है।

### 95 वर्षीय बुजुर्ग से मुलाकात

आनंदधाम के भ्रमण के दौरान कलेक्टर की नजर 95 वर्षीय मथुरालाल ओझा पर पड़ी। इतनी उम्र के बावजूद उनका अपना सारा काम स्वयं करना कलेक्टर के लिए कौतूहल और सम्मान का विषय बन गया। कन्याल ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि ऐसे बुजुर्गों का अनुभव और आत्मनिर्भरता हमारे समाज की असली पूंजी है। उन्होंने बुजुर्गों के बीच बैठकर न केवल उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया।



### वृद्धाश्रम को सोलर और स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात

आश्रम की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके पर ही दूरगामी निर्णय लिए। आश्रम में बढ़ते बिजली बिलों की समस्या को भांपते हुए उन्होंने तत्काल वहां सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश दिए कि प्रति शनिवार कम से कम दो घंटे डॉक्टर अनिवार्य रूप से वृद्धाश्रम में रहेंगे और हर बुजुर्ग का रूटीन चेकअप करेंगे। वृद्धजनों की मांग पर उद्यानिकी विभाग को परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए, ताकि वहां का वातावरण शांत और सुखद बना रहे।

**सड़कों पर उतरे 'स्वच्छता के सिपाही':** कलेक्टर का यह दिन केवल संवेदना तक सीमित नहीं था, बल्कि कर्तव्य की पराकाष्ठा भी इसमें दिखी। उन्होंने गुना को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष 10 शहरों में शामिल करने का संकल्प लिया है। जन्मदिन की सुबह वे सीधे शहर के वार्डों में पहुंचे और खुद नालियों तथा सड़कों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नागरिकों को दो प्रभावशाली स्लोगन दिए: हमारा गुना, स्वच्छ गुना और हमारा मिशन, टॉप-10। कलेक्टर ने बहुत ही प्रेरक अंदाज में कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि इसे हमारे दिल और दिमाग में बसना होगा। जब तक हम अपने घर, गली और मोहल्ले को अपना मानकर साफ नहीं करेंगे, तब तक शहर को सुंदर नहीं बनाया जा सकता। उनकी यह सादगी देख सफाई मित्र और आम जनता भी जोश से भर उठी।

## अवैध शराब के ठिकानों पर आबकारी की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले में अवैध मदिरा के काले कारोबार को जड़ से मिटाने के लिए प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के कड़े निर्देशों और संभागीय उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला आबकारी विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार, 02 मई को विभाग की टीम ने ग्रामीण इलाकों में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण की गतिविधियों पर लगाम कसी है।**

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने अपनी टीम के साथ ग्राम बोरखेड़ा चक और बेरखेड़ी में आकस्मिक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान ग्राम बोरखेड़ा में उस समय हड़कंप मच गया जब टीम ने वहां से 6 प्लास्टिक ड्रमों में भरा लगभग 300 किलोग्राम लाहन बरामद किया। लाहन की इतनी बड़ी मात्रा अवैध शराब बनाने की तैयारी की ओर इशारा कर रही थी, जिसे टीम ने तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अतिरिक्त, ग्राम बेरखेड़ी से 35 लीटर हाथ भट्टी शराब भी जब्त की गई है। विभाग ने इस पूरी कार्रवाई में जब्त की गई सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य 16,000 रुपये आंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)अ एवं 34(1)ऋ के तहत कुल 3 अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधे में लिप्त तत्वों में भय का माहौल है।

## करोड़ों लेकर लोन की बकाया राशि न चुकाना पड़ा भारी

**गुना।** एचडीएफसी बैंक से करोड़ों रुपए का लोन लेकर बकाया राशि न चुकाना कर्जदारों को महंगा पड़ा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गुना के आदेश के पालन में राजस्व विभाग और पुलिस बल की उपस्थिति में बैंक ने ग्राम विलोनिया स्थित बंधक संपत्ति वेयरहाउस का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। बकाया रकम के लिहाज से गुना जिले में यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।




जानकारी के अनुसार हेड पोस्ट ऑफिस के सामने न्यू कॉलोनी कर्नलगंज निवासी अनिल शर्मा और अन्य सह-आवेदकों ने एचडीएफसी बैंक की गुना शाखा से मॉर्गेज लोन के तहत 3.79 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की थी। किश्तों के भुगतान डिफॉल्ट होने के कारण 25 अप्रैल 2025 तक ब्याज सहित यह बकाया राशि बढ़कर 4 करोड़ 5 लाख 93 हजार 519 रुपए हो गई थी। बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिए जाने के बावजूद कर्जदारों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक की ओर से प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप उपाध्याय ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में धारा 14 के तहत कब्जा दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले में बैंक की ओर से एडवोकेट पुष्पेंद्र पाराशर, अजय मिश्रा और अनुराग द्विवेदी ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय ने तथ्यों का अवलोकन करने के बाद तहसीलदार गुना को निर्देशित किया कि वे पुलिस बल की सहायता से विवादित स्थल का कब्जा बैंक को सौंपें। इसके बाद ग्राम विलोनिया स्थित सर्वे नंबर 5/5, कुल क्षेत्रफल 0.411 हेक्टेयर भूमि और उस पर बने शिवम वेयरहाउस पर कब्जा लेने की कार्रवाई की गई। बैंक अब इस संपत्ति का विक्रय या हस्तांतरण कर अपनी बकाया राशि की वसूली कर सकेगा।

## गुना के 'सेवाभावी' डॉक्टर सतीश राजपूत की बड़ी पहल

गुना। चिकित्सा को सेवा का माध्यम मानने वाले जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सतीश राजपूत ने एक सराहनीय और अनोखी पहल की है। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से उन्होंने जनसहयोग के माध्यम से निशुल्क उपचार शिविर की शुरूआत की है। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार की विशेष मौजूदगी में किया गया।



डॉ. सतीश राजपूत द्वारा की गई इस पहल की सबसे खास बात यह है कि शिविर में आने वाली महिलाओं को न केवल निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है, बल्कि दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। डॉ. राजपूत की इस मुहिम में समाज के विभिन्न वर्ग भी सारथी बन रहे हैं। कई मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं, वहीं प्रिंटिंग प्रेस संचालक सुनील सोनी ने उपचार में लगने वाली समस्त स्टेशनरी निशुल्क प्रदान करने का संकल्प लिया है। जरूरतमंद महिलाओं के लिए यह शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्त्री रोग व अन्य समस्याओं से जूझ रही आर्थिक रूप से अक्षम महिलाओं का उचित परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि डॉ. राजपूत ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके द्वारा जिला अस्पताल में किए गए जटिल ऑपरेशनों के चलते अब मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर करने की प्रथा काफी हद तक कम हुई है। उन्होंने कहा कि 'सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, और यही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की भी सोच है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार ने भी डॉ. राजपूत के प्रयासों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को घर के पास निशुल्क परामर्श और दवा मिलना एक अनुकरणीय कदम है, जो क्षेत्र की माता-बहनों के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

**सफाईकर्मी ने किया राजपूत का सम्मान**

शिविर के दौरान एक भावुक पल तब देखने को मिला, जब जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम वार्ड में पदस्थ सफाईकर्मी गिरराज वाल्मीक डॉ. सतीश राजपूत का सम्मान करने पहुंच गए। गिरराज का कहना था कि वे सरकारी अस्पताल में डॉ. सतीश राजपूत की तत्परता और गरीबों को लेकर उनके दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। इसलिए डॉ. राजपूत का सम्मान करना चाहते हैं। इस क्षण ने मौजूद लोगों को भावुक कर दिया।

## बाड़े में हो रही गांजे की खेती का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



**गुना। जिले में अवैध नशे के कारोबारियों और तस्करों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में निरंतर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बमौरी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की खेती के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में गांजे के पौधों के साथ एक आरोपी को हिरासत में लिया है।**

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमौरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम द्वारा अंजाम दी गई। 02 मई 2026 को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम परांठ में एक व्यक्ति ने अपने घर के पीछे बाड़े में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगा रखे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल ग्राम परांठ पहुंची और घेराबंदी कर प्रेमनारायण आदिवासी के बाड़े में दबिश दी। मौके पर पुलिस को 32 वर्षीय प्रेमनारायण पुत्र सिरिया आदिवासी मिला। जांच करने पर बाड़े में गांजे के कुल 40 हरे पौधे उगे हुए पाए गए। पुलिस ने इन पौधों को उखाड़कर जब वजन कराया, तो इनका कुल वजन 6.600 किलोग्राम निकला। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 01 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से बरामद पौधों को विधिवत जब्त कर आरोपी प्रेमनारायण आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध बमौरी थाने में अपराध क्रमांक 96/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी इन पौधों का उपयोग स्वयं के लिए कर रहा था या इनकी तस्करी की योजना थी।

## बारात में आए युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र में सकतपुर रोड पर रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक खेत में युवक का शव पेड़ पर लटका पाया गया। मृतक की पहचान अशोकनगर निवासी राहुल प्रजापति के रूप में हुई है, वह एक शादी समारोह में शामिल होने गुना आया था। जानकारी सामने आई है कि अशोकनगर की शंकर कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय राहुल प्रजापति पेशे से ड्राइवर था। वह शनिवार को अपनी फोर-व्हीलर गाड़ी से बारातियों को लेकर गुना जिले के सकतपुर क्षेत्र में आया हुआ था। रविवार सुबह करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने खेत में एक पेड़ से उसका शव लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन अशोकनगर से जिला अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजनों ने राहुल की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जाहिर की है।

परीक्षा | छात्रों ने केंद्र के भीतर दिया पेपर, बाहर भीषण गर्मी और अव्यवस्थाओं के बीच 'तपे' अभिभावक

# अव्यवस्थाओं के बीच गुना में हुई नीट की परीक्षा



नवभारत न्यूज

**गुना 3 मई का। शहर में रविवार को आयोजित नीट परीक्षा के दौरान एक ओर जहां छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केंद्रों के भीतर अपना भविष्य संवारने के लिए कलम चलाई, वहीं दूसरी ओर केंद्रों के बाहर उनके अभिभावकों को भीषण गर्मी, तपिश और लू के थपेड़ों के बीच धैर्य की कठिन परीक्षा देनी पड़ी।**

शिवपुरी, बदरवास, आरोन सहित अन्य क्षेत्रों से आए अभिभावकों को 5 से 6 घंटे तक चिलचिलाती धूप में जूझते देखा गया। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक थी, लेकिन प्रवेश प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होने के कारण अधिकांश लोग सुबह 10 बजे ही केंद्रों पर पहुंच गए थे।

नानाखेड़ी स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अभिभावकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। यहां परिसर में छांव के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। कुछ भाग्यशाली अभिभावकों को पेड़ों का सहारा मिल गया, लेकिन अधिकांश लोग खुले आसमान के नीचे गर्मी से बेहाल रहे। धूप की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लोग तौलिये से हवा कर खुद को बचाने का प्रयास करते दिखे। खासकर महिलाओं की स्थिति बेहद दयनीय रही।

कई अभिभावकों को स्कूल परिसर के भीतर जगह न मिलने के कारण बाहर सड़कों पर खड़ा होना पड़ा।

अभिभावकों का कहना था कि स्कूल प्रबंधन को पता था कि इतनी बड़ी संख्या में लोग आएंगे, ऐसे में टेंट और ठंडे पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए थी। गौरतलब है कि गुना जिले के 5 केंद्रों पर करीब 1770 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। लोग सेंटर पर धूप में परेशान होते रहे।

### यहां दिखे अच्छे इंतजाम

एक तरफ जहां केंद्रीय विद्यालय में अव्यवस्था दिखी, वहीं दूसरी ओर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 और शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय क्रमांक 2 में जिला प्रशासन द्वारा टेंट की व्यवस्था की गई थी, जिससे वहां मौजूद अभिभावकों को काफी राहत मिली। गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कलेक्टर ने एक दिन पूर्व ही अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी थीं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें दिन भर विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेती रहीं।

## हिलगना रोड पर दिनदहाड़े मोबाइल लूट की वारदात

**गुना।** शहर में बेखौफ बदमाशों के हौसले पस्त होने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार दोपहर कैंट थाना क्षेत्र के हिलगना रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने चलती बाइक से एक युवक का मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। कैंट पुलिस ने पीड़ित से आवेदन तो ले लिया है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की है।

दरअसल, निखिल पुत्र देवेंद्र धाकड़ शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अपने मामा डॉ. राजू लोधा के साथ बाइक से हिलगना रोड की ओर से आ रहा था। बाइक डॉ. राजू लोधा चला रहे थे, जबकि निखिल पीछे बैठकर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात युवकों ने अचानक अपनी गाड़ी निखिल की बाइक के करीब लगाई और हाथ से मोबाइल छीन लिया। निखिल ने बताया कि छीना गया मोबाइल लगभग 35 हजार रुपये कीमत का था।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, जल प्रकोष्ठ गुना (म.प्र.)**

क्रमांक 66,73,74 — गुना दिनांक : 29/04/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित विवरण के अनुसार आगामी वर्ष हेतु सामग्री सप्लाई के लिये निविदायें समस्त निर्माताओं अथवा अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है-

| ऑनलाइन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | प्रतिभूति राशि | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD 504156_1 | हैण्डपम्पों हेतु मेजर एवं स्पेयर पार्ट्स सामान प्रदाय कार्य बावत। | 1525423/- | 11440/- | 2000/- | 01 वर्ष |
| 2026_UAD 504164_1 | नगर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित जल प्रदाय पाइप लाइन की दुरूस्ती एवं मेंटीनेंस कार्य में लगने वाले C.I.D. Joint as per ISI 8794/88 तथा रबर रिंग 100mm dia to 600mm dia प्रदाय कार्य बावत। | 3050847/- | 22885/- | 5000/- | 01 वर्ष |
| 2026_UAD 504165_1 | HDPE पाइप लाइन के लिए HDPE पाइप 90mm dia to 200 mm dia प्रदाय कार्य बावत। | 3050847/- | 22885/- | 5000/- | 01 वर्ष |

1. टेंडर क्रय करने का अंतिम दिनांक :- 03.06.2026 शाम 5.30 PM तक
2. निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक :- 03.06.2026 शाम 5.30 PM तक
3. निविदा खोलने का दिनांक :- 05.06.2026 सुबह 11.00 AM

निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें वेवसाईट www.mptender.gov.in पर अथवा कार्यालयीन समय में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

(मंजूषा खत्री)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

(सविता अरविन्द्र गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

**कार्यालयनगरपालिका परिषद, गुना (म.प्र.)**

**विज्ञप्ति संशोधन सूचना**

नवभारत के दिनांक 2 मई 2026 के अंक में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक 1266/2026 गुना दिनांक : 29/04/2026 में कॉलम क्रमांक 3 में त्रृटिवश कार्य के नाम में वार्ड क्रमांक 33 लिखा हो गया है। जिसे वार्ड क्रमांक 34 पढा जाए।